तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024



15 स्वच्छता को स्वास्थ्य के लिए जीवन का मिशन बनाकर बीमारियों से मुक्ति पाएं: लालेश्वर



# बम-बम भोले की गूंज के साथ जेवरा में विराजे शिवजी, विकास कार्यों का भी लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ग्राम पंचायत जेवरा में बम-बम भोले की गूंज रही। गुरुवार को यहां ग्रामीणों ने श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में श्री शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम पूरे दिन चला। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। गांव की गलियों से गुजरती यह यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह का प्रतीक बनी। यात्रा के दौरान हर कोई भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए इस पावन आयोजन का हिस्सा बने।

## श्री शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए अहिवारा विधायक कोर्सेवाड़ा



### भूत, पिशाच का अनोखा नृत्य

प्राण प्रतिष्ठा की शोभायात्रा के दौरान भगवान शिव की जीवंत झांकी की प्रस्तुति भी रही। जिसमें भूत, पिशाच बनकर शिवगणों ने अनोखा नृत्य भी किया। पूरे गांव क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ की यह शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकली। महाभंडारा का भी आयोजन किया गया।

### मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा

जेवरा का यह भोलेनाथ का मंदिर गांव के विकास और आध्यात्मिक समृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। मंदिर के निर्माण का श्रेय वर्तमान सरपंच प्रशांत कुमार गौतम और उनकी टीम को जाता है। जिन्होंने गांव की जनता के सहयोग से यह सपना साकार किया। इससे पहले गांव में सड़कों, नालियों और जलापूर्ति जैसी कई सुविधाओं में सुधार किए गए, जो ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

### विधायक कोर्सेवाड़ा ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि शिव मंदिर का यह प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह गांव के विकास और एकता का प्रतीक भी है। उन्होने यहां विकास कार्यों का लोकार्पण किया। ग्राम सरपंच प्रशांत गौतम ने इस आयोजन के लिए ग्राम पंचायत जेवरा के सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अध्यक्षता जिला पंचायत पुष्पा यादव ने की। हेमंत बंजारे, विक्रांत अग्रवाल, योगेश पांडेय, भुनेश्वर यादव, प्रीति वैष्णव, सतीश साहू, हिरामन बंजारे, केशव साहू, डॉ. मोहित साहू, लुदूराम साहू, जितेंद्र यादव, गुलाब साहू, उपसरपंच जोहरूराम साहू, पंच वेदप्रकाश सपहा, धनेश्वरी साहू,केसरी पटेल, गायत्री साहू, वीरेन्द्र गौतम, पूर्णिमा साहू, चंपा ठाकुर, शारदा पटेल, सुरेखा सिवारे,कुलेश्वरी साहू,कुमारी साहू,चंद्रेश्वर जायसवाल, अनिता साहू, मोहिनी गौतम, किरण सपहा, अजय साहू आदि मौजूद रहे।

**भोला नगर में आया है**

कार्यक्रम के दौरान न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक झलक भी दिखी। बुजुर्ग महिलाएं इस मौके पर भगवान शिव का रिझाने के लिए मंगलगीत भी गाए। भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था युवाओं से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक दिखा। स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आस-पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। सभी ने इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनकर अपनी आस्था और समर्थन प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, ट्रेनें रहेंगी रद्द

**भिलाई।** संबलपुर मंडल में दोईकलु मुनीगुडा बिसमकटक स्टेशनों पर तीसरी लाइन का नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने कारण दुर्ग विशाखापट्टनम के मध्य गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।गाड़ी संख्या 08527 रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर 3 जनवरी से 9 जनवरी तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08528 विशाखापट्टनम रायपुर पैसेंजर 2 जनवरी से 8 जनवरी तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18529 दुर्ग विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 3 जनवरी से 8 जनवरी तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18530 विशाखापट्टनम दुर्ग एक्सप्रेस 3 जनवरी से 8 जनवरीतक रद्द रहेगी।

### पीएम आवास जरूरतमंदों को जल्द मिलेंगे : सासंद



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी के सरकार के गठन के पूर्व भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र में पूर्ववर्ती काग्रेस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास पर रोक लगाई गई थी, उसे सरकार बनने पर तत्काल प्रभाव से प्रधामंत्री आवास हितग्राही उपलब्ध हो इस हेतु आदेश जारी किये गये थे। जिसे भाजपा सरकार ने अपने पहले कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया उक्त विषय को सांसद द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र के शहरी इलाकों में जरूरतमंद हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास की उपलब्धता एवं प्रगति का मुद्दा लोकसभा में प्रमुखता से उठाया गया। जिसमें सांसद द्वारा सरकार गठन के 10 माह के भीतर अपने संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत एवं पूर्ण भवनों की जानकारी ली गई। सांसद के प्रयास से केन्द्रीय नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास शीघ्र उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

### हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने दिखाई तत्परता, कलेक्टर ने दिया 50 हजार का चेक

# आर्थिक तंगी से जूझ रहीं तीजन बाई की सुध लेने पहुंचा दुर्ग जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अपने पंडवानी गायन से देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वालीं पिछले डेढ़ साल से अस्वस्थ चल रहीं 78 वर्षीय प्रख्यात पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई की सुध लेने गुरुवार को प्रशासन का अमला उनके गृहग्राम गनियारी पहुंचा। कलेक्टर के साथ पहुंचे प्रशासन के अधिकारियों ने उनका हौसला बढ़ाते हुए बेहतर इलाज और आर्थिक मदद का भरोसा दिलाते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला प्रशासन की ओर से तीजन को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। चिकित्सकों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी कलाकार तीजन बाई के इलाज के लिए आर्थिक तंगी से जूझने व पेंशन नहीं मिलने संबंधी खबर 11 दिसंबर के अंक में प्रकाशित कर शासन प्रशासन का फिर से एक बार ध्यानाकर्षण किया था। वहीं तीजन बाई की बहू रेणू देशमुख ने भी आज गुरुवार को कलेक्टोरेट में कलेक्टर श्रीमती चौधरी से मिलकर डेढ़ साल से अस्वस्थ होने की जानकारी देते हुए आर्थिक मदद के लिए अर्जी देकर सहायता की गुहार की थी। इसे गंभीरता से लेते हुए शाम 4 बजे कलेक्टर सुश्री चौधरी, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे, सीएमएचओ डां. मनोज दानी, भिलाई 3 एसडीएम महेश सिंह साहू, तहसीलदार पवन ठाकुर व डाक्टरों के साथ गनियारी स्थिति तीजन बाई के निवास पहुंच उनके स्वास्थ्य और आर्थिक समस्या के बारे में जानकारी ली। डाक्टरों ने उनका चेकअप किया। कलेक्टर ने तीजन बाई व परिजनों से मिलकर रेड क्रास के मद से 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उनकी फीजियोथेरेपी के लिए शा. सुपेला अस्पताल से डां. दीपमाला, डां. शिखर अग्रवाल व स्टाफ नर्स को निर्देशित किया जा चुका है, जिनके द्वारा चेकअप किए जान की जानकारी परिजनों ने दी। परिजनों के पेंशन के ध्यानाकर्षण पर प्रशासनिक अधिकारियों ने पद्मश्री कलाकार पेंशन अप्रेल से सितंबर तक 6 माह की 30 हजार राशि खाते में हस्तांतरित हो चुकने व शीघ्र भुगतान हेतु बैंक को निर्देशित करने की जानकारी दी वहीं 26 सितं. को कलाकार पेंशन राशि के आवेदन पर संस्कृति विभाग को स्वीकृति हेतु जल्द रिमाइंडर भेजने की जानकारी दी।

इस दौरान पटवारी राहुल तिवारी, छतीस कुमार साहू व सुरेंद्र कुमार व तीजन बाई की बहन रंभा, बहू सावित्रि, बहू रेण साहू, पुत्र दिलहरण लोककलाकार केवल देशमुख आदि परिजन उपस्थित थे।



पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई इलाज के लिए मोहताज, पेंशन घोषणा का नहीं मिल रहा लाभ

डेढ़ साल से बीमारी झेल रही है तीजन बाई, आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा परिवार





### विधायक रिकेश ने की 1 लाख की मदद



अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने वेतन से उन्हें एक लाख रूपये की मदद की। सेन ने बताया कि यह राशि अस्वस्थ तीजन बाई की दवा में काम आएगी। तीजन ने अपना जीवन पंडवानी गायन विधा को समर्पित कर दिया था। पिछले डेढ़ साल से तीजन बाई लकवा की वजह से बिस्तर पर ही हैं। उनको ब्लड प्रेशर की भी समस्या है। रिकेश सेन ने कहा कि तीजन बाई के इलाज में होने वाला खर्च तीजन बाई की जमा पूंजी से किया जा रहा है, परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। इसलिए मैंने अपने इस माह के मानदेय से एक लाख रूपये तीजन बाई के उपचार और दवा के लिए देने का निर्णय लिया है।

### परिजनों ने मांगी सरकारी नौकरी

परिजनों ने प्रशासनिक अधिकारियों से तीजन बाई के जीवनभर लोक कला के लिए समर्पित रहने और अस्वस्थ अवस्था में भरसक मदद तथा जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दिए जाने गुहार की। इस पर अधिकारियों ने निवास प्रमाण सौंपने के साथ जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए परिजनों को मिसेल आदि दस्तावेज उपलब्ध कराने का आग्रह एसडीएम ने किया। परिजनों ने तीजन के उपचार व मदद में सतत ध्यान दिए जाने की विनती की। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भी जल्द तीजन बाई के जेएलएन अस्पताल में जारी उपचार के लिए एंबूलेंस आदि सुविधा प्रदान की जाएगी।

### पद्मविभूषण से सम्मानित छत्तीसगढ़ इकलौती कलाकार

महज 12 बरस की उम्र से 2 साल पूर्व तक अपने बेजोड़ पंडवानी गायन से कलाप्रेमियों का सम्मोहित करने वालीं 78 वर्षीय तीजन बाई के अस्वस्थ होने के बाद परिवार की आर्थिक समस्या बढ़ गई है। पुत्र की हार्ट अटैक से मौत के सदमे के बाद पैरालाइज अटैक ने दिल की मरीज तीजन को बेड पर ला दिया। पंडवानी कार्यक्रमों से मिलने वाला पारिश्रमिक से बड़े परिवार को चलाने में मददगार था। परिजनों ने बताया कि 2 साल से इलाज व दवाइयों का खर्च बढ़ गया है। परिवार में कोई रोजगार में नहीं है। इसलिए परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी की दरकार है। तीजन बाई के दुनियाभर में कलात्मक योगदान को देखते हुए केंद्र व राज्य सरकार या उदारमना सक्षमों से मदद की संवेदना दिखाने की उम्मीद परिजनों को है। परिजन चाहते हैं कि घर पर इलाज सुलभ हो सके। तीजन बाई छग की पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूण से सम्मानित होने वाली छत्तीसगढ़ इकलौती लोककलाकार हैं। वर्षों गरीबी व निरक्षरता के माहौल में संघर्ष करते हुए कला के लिए पूरा जीवन होम करने वाली उम्रदराज और अस्वस्थ अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका को सरकार व सक्षम लोगों से मदद की उम्मीद है।

## श्रृंखला यादव हत्याकांड, हाईकोर्ट ने 20 साल की सजा को रखा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



श्रृंखला यादव हत्याकांड के मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट दुर्ग के फैसले को यथावत रखा है। आरोपी पक्ष द्वारा सेशन कोर्ट के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। आरोपी को सेशन कोर्ट ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

- 13 जून 2019 को हुई थी घटना, आरोपी था नाबालिग

13 जून 2019 की दोपहर ट्यूशन जा रही रिसाली मैत्री नगर निवासी श्रृंखला यादव पर प्राणघातक हमला किया गया था। आरोप एक कथित नाबालिग पर लगा था। दो दिन बाद 15 जून को श्रृंखला यादव ने इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मौके पर मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया था। बाद में उसे इस आधार पर जमानत मिल गई कि घटना के वक्त वह नाबालिग था। श्रृंखला की मां ममता यादव लगातार न्याय के लिए संघर्ष करती रही। बाल न्यायालय से इस केस को सेशन कोर्ट लाया गया। जहां पांच साल तक केस चला। साक्ष्य ,गवाह, डीएनए टेस्ट के आधार पर आरोपी को 20 साल की सज़ा सुनाई गई। न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बावजूद आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया। ममता यादव ने बाल आयोग में इसकी शिकायत की। बाल आयोग ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया। चार महीने बाद आरोपी को दुर्ग सेंट्रल जेल भेजा गया। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील कर दी। हाईकोर्ट ने भी डीएनए टेस्ट को आधार मानते हुए सेशन कोर्ट द्वारा दी गई सज़ा को यथावत रखते हुए केस खारिज कर दिया।

## राजस्व अधिकारी से गाली गलौज

**भिलाईनगर।** भिलाई निगम क्षेत्र में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर के राजस्व वसूली का दल 1,08,193.00 रूपये का बकाया संपत्तिकर लेने के लिए हरि चौहान, पिता विश्वनाथ चौहान निवासी नेहरू भवन रोड चाचा पान ठेला के सामने वार्ड कं. 17 सुपेला के घर संपत्तिकर लेने गए थे। हरि चौहान द्वारा शराब के नशे में संपत्तिकर देने से मना किया गया और अधिकारियों से गाली-गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। कर्मचारियों पर अपने बेटे का पुलिस में होने का धौंस देने लगा। उसके इस व्यवहार को शासकीय कार्य में बाधा मानते हुए. सुपेला थाना में एफ.आई.आर. दर्ज कराया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सभी संपत्तिकर बकायादारी को कई बार नोटिस दिया गया है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

### महादेव सट्टा ऐप के संचालक सौरभ की गिरफ्तारी पर संदेह

# सौरभ के दुबई वीडियो पर बोले भूपेश केंद्र व राज्य की मिलीभगत उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



महादेव सट्टा एप के किंग सौरभ चंद्राकर व सहयोगी रवि उप्पल की दुबई में शिवमहापुराण कथा सुनते हुए वीडियों सामने आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर केंद्र व राज्य सरकार पर बड़ा हमला किया है। भूपेश ने पोस्ट कर पूछा है कि गिरफ़्तारी के बाद प्रवचन सुनने की छूट , कितनी 'प्रोटेक्शन मनी' मिल रही है विष्णुदेव जी।



महादेव सट्टा एप किंग सौरभ और रवि ने दुबई में पंडित प्रदीप मिश्रा से सुना शिवमहापुराण

दुबई में महादेव आनलाईन सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा कराए जाने का विडियो वायरल होते ही कांग्रेस केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर महादेव ऐप पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठाने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा है कि भाजपा सरकार महादेव ऐप को लेकर अफ़वाह फैला रहे हैं। डबल इंजन की सरकारों को जनता को बताना चाहिए कि सौरभ चंद्राकर गिरफ़्तार नहीं हुआ है। झूठ बोलने के लिए उन्हें माफ़ी मांगनी चाहिए। दरअसल केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की 'सेटिंग' हो गई है और दोनों मिलकर महादेव ऐप के संचालकों को बचा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पोस्ट टैग कर पूछा है कि उन्हें कितनी 'प्रोटेक्शन मनी' मिल रही है।






## खबर संक्षेप

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन 24 तक

दुर्ग। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अंतर्गत संचालित लीगल एंड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस कौंसिल के एक पद और असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस कौंसिल के 03 पदों के लिए संविदा भर्ती आमंत्रित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 24 दिसम्बर 2024 तक शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग में रखे ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी की सेवाएं नियुक्ति दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए ही होगी।

### मद्य निषेध दिवस का आयोजन

दुर्ग। बाबा गुरूघासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2024 को जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सर्व विभाग प्रमुख/नगरीय निकाय प्रमुख/जनपद पंचायत तथा अध्यक्ष/स्वैच्छिक संस्था प्रमुख और अध्यक्ष/सचिव/भारत वाहिनी समिति को इस संबंध में पत्र जारी कर इस अवसर पर जन सामान्य को मद्यपान के विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए-ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति द्वारा मद्य निषेध के पक्ष में कार्यक्रम आयोजित कराने। रेडियों एवं दूरदर्शन से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण। जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही। यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देने। नशामुक्ति साहित्यों का वितरण। सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार। विद्यार्थियों में नशापान के विरुद्ध जागरूकता लाना।

# मिलर फिर बीस तक हड़ताल पर गए, आपरेटर भी विरोध प्रदर्शन में कूदे

## जिले में धान खरीदी व्यवस्था चरमराई, किसानों के टोकन हो रहे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले में आधा दर्जन से अधिक उपार्जन केन्द्रो में धान खरीदी बंद हो गई हैं। अव्यवस्था के बीच एक बार फिर राईस मिलरों ने आगामी बीस दिसंबर तक हडताल पर जाने का फैसला लिया हैं, वही दूसरी तरफ सोसायटी में पदस्थ आपरेटर भी गुरूवार से हडताल पर चले गए हैं। जिसके कारण सोसायटियों में धान की खरीदी का पूरा ठिकरा किसानों पर प्रशासन द्वारा फोड दिया गया हैं। आगामी दिनों किसानों को भी खामियाजा भुगतान पडेगा। सबसे बडी परेशान ऐसे केन्द्र जहां खरीदी बंद हो गई, वहां टोकन पहले से जारी हो चुकी हैं। लेकिन खरीदी बंद होने से टोकन निरस्त होगें। जबकि किसानों का आनलाइन टोकन दर्ज हो चुका है। ऐसे में किसानों को दो से तीन बार मिलने वाली मोहलत से वे चुक जाएंगे। इधर बीस लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। लेकिन राज्य शासन और मिलरों के बीच खिंचतान के कारण महज पांच हजार क्विंटल ही धान का उठाव हो सका हैं। जिले के 95 केन्द्रों में बफर लिमिट यानि क्षमता से अधिक धान हो चुका है। यहां धान खरीदी बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई हैं।

### गुरूवार को ढोढकी में खरीदी बंद

जानकारी अनुसार उठाव नही होने के कारण अब तक नगपुरा, दमोढा, सांकर, कन्हारपुरी, भेंडसर और गुरूवार को धमधा के ढोढक केन्द्र में खरीदी बंद हो गई हैं। प्रबंधको में शासन व प्रशासन के इस रवैय्ये को लेकर भारी नाराजगी सामने आ रही हैं। किसानों का भी गुस्सा शासन प्रशासन पर आगामी दिनों फूट सकता हैं। इधर सोसायटी प्रबंधक भी प्रशासन द्वारा उठाव के लिए कोई पहल नही किए जाने के कारण परेशान हैं। जिले में एक लाख 14781 किसान पंजीकृत हैं, जिसमें से 45 हजार ने ही धान बेचा हैं। पंजीकृत आधे किसान भी धान नही बेच पाए हैं।



### नही खोला गया संग्रहण केन्द्र

एकतरफ राज्य शासन मिलरों को उठाव के लिए सहमति नही बना पाई हैं। वही दूसरी तरफ ट्रांसपोर्टरों से भी अनुबंध नही कर रही हैं। जबकि जिले में आठ से अधिक संग्रहण केन्द्र है। यहां ट्रांसपोर्टरों को टीओ जारी कर संग्रहण केन्द्र में धान रखे जा सकते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन द्वारा नही किया जा रहा हैं। ऐसे में लगातार केन्द्रों में धान की खरीदी बंद होने के पूरे आसार दिख रहे हैं। इधर जिले के 102 सोसायटी में कार्यरत आपरेटर रायपुर में हडताल पर चले गए हैं। उनका कहना है कि, जब तक मांगे पूरी नही होगी, वे नही लौटेगे।

### चल रही चर्चा

" राज्य महासंघ ने बीस दिसंबर तक हडताल पर रहने के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन से भी अभी भी चर्चा जारी हैं।

**रामनिवास अग्रवाल,** संरक्षक जिला एसोसिएशन दुर्ग

## आज जिला निर्वाचन आयोग करेगी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# 4744 वार्ड में होंगे चुनाव, 17 को जिला जनपद और ग्राम पंचायतों का आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिए आरक्षण तिथि की घोषणा कर दी गई हैं। आगामी 17 दिसंबर को जिला, जनपद और वार्डो का एक साथ आरक्षण प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आरक्षण की तिथि की घोषणा के बाद राजनीतिक बिसात बिछनी शुरू हो जाएगी। आरक्षण के बाद सीटों की तस्वीर जहां साफ हो जाएगी, वही दावेदरों की नामों की चर्चा भी अब गांव में जमकर उछलने वाली हैं।

पांच साल पहले 4815 ग्राम पंचायत में चुनाव हुए थे। लेकिन अमलेश्वर, भोथली, मगरघट्टा और खुडमुडा के 71 वार्ड अमलेश्वर परिषद में शामिल हो गए हैं। इसलिए पंचायतों में 4744 वार्डो में चुनाव होगें। आगामी 13 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी कर दिया जाएगा। इसके पहले राज्य शासन ने आरक्षण की तिथि का ऐलान कर दिया हैं। आरक्षण को लेकर पिछडा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा साफतौर पर कहा गया है कि, जिस निर्वाचन क्षेत्र में एसटी व एससी की संख्या पचास फीसदी होगी, वहां आरक्षण नही होगा। लेकिन जिले में ऐसे कोई भी निर्वाचन क्षेत्र नही हैं, जहां पचास फीसदी एससी व एसटी हो। ऐसे में जिला से लेकर ग्राम पंचायत के वार्डो में भी पिछडा वर्ग के लोगों की चुनाव भी जमकर भूमिका रहेगी। हांलाकि कुछ गिने चुने ग्राम पंचायत में ही एसटी व एससी की बाहुल्यता हैं। जानकारी अनुसार पाटन के औरी ग्राम पंचायत में एससी की संख्या पचास फीसदी हैं। यानि यहां पिछडा वर्गो को मौका नही मिलेगा।

### जनपद अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य का आरक्षण कलेक्टर करेंगे

**खास बातें**

- जनपद सदस्य 74 और जिला सदस्य के 12 पदों के लिए होंगे आरक्षण
- जिले में 830 मतदान केन्द्रों की संख्या, आज अंतिम प्रकाशन होगा



### आरक्षण में पहले एससी व एसटी को मौका

जिला पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि, आरक्षण किसी भी हाल में पचास फीसदी से अधिक नही होना चाहिए। इसलिए पहले एसटी, एससी वर्ग की पडताल होगा। उसके बाद शेष बचे स्थान में पिछडा वर्ग के लोगों को शामिल किया जाएगा। हांलाकि जिले में ऐसा कोई भी जिला, जनपद व पंचायत के वार्ड नही हैं, जहां एससी व एसटी की पचास फीसदी बाहुल्यता हो। इसलिए आरक्षण प्रक्रिया सभी क्षेत्र में होगें। अफसरों ने बताया कि, चुनाव में पचास फीसदी आरक्षण का लाभ महिलाओं को भी दिया जाएगा।

### लाटरी पद्धति से होंगे आरक्षण

जानकारी अनुसार आगामी 17 दिसंबर को सुबह दस बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर द्वारा सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य का आरक्षण प्रक्रिया करेगें। सुबह ग्यारह बजे प्रक्रिया शुरू होगी। वही अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यलय में सुबह दस बजे से जनपद पंचायत सदस्य व सरपंच के लिए आरक्षण करेगें। इसके आलावा तहसीलदार अपने जनपद सभाकक्ष में 17 व 19 दिसंबर को सुबह दस बजे से वार्ड पंच के लिए आरक्षण करेगें। अफसरों ने बताया कि, पंच व जनपद सदस्य व जिला सदस्य के लिए लाटरी पध्दति से आरक्षण होगें, वही शेष पदों के लिए अवरोही क्रम में आरक्षण निर्धारित किए जाएंगे।

# पुलगांव और उरला में एसटीपी प्लांट का जल्द करेंगे निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

नगर निगम के डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक मेयर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में हुई। सबसे पहले वर्ष 2021 में प्रदूषित जल को शिवनाथ नदी में जाने से रोकने हेतु एसटीपी का निर्माण लगातार शहरी सरकार द्वारा प्रयासरत थे, जिसका आज एमआईसी की बैठक में सर्व सम्मति से निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया है। बता दे कि, शहर क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पुलगांव में 30 एमएलडी एवं उरला में 47 एमएलडी का निर्माण जल्द किया जाएगा। किसकी लागत 144 करोड़ की निविदा की जा चुकी है। कलार समाज की ईष्ट देवी माता बहादुर कलारिन की मूर्ति स्थापना हेतु गौरव पथ मार्ग में उतई रोड सुराना कालेज के सामने, चौपाटी के पास, चर्च की ओर जाने वाली तिगड्डा के पास स्थल चयन किया गया हैं। जिसकी स्वीकृति महापौर परिषद की बैठक में दी गई। वार्ड क्रमांक 1 गया नगर 33 केवी पावर स्टेशन के पास डॉ बीआर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई।

- **नगर निगम में मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिए निर्णय**

### नलघर में संचालित होंगे आटी पार्क के दफ्तर

जेल तिराहा के समीप, ठगड़ा बांध के किनारे अटल परिसर निर्माण हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव तैयार किया गया हैं। पूर्व से स्थापित स्थानीय उद्योगों को रिसर्च एवं डेवलपमेंट की सुविधा प्राप्त होगी। नलघर शॉपिग काम्पलेक्स के प्रथम तल एवं द्वितीय तल रिक्त है. जिसे आई आई.टी पार्क के कार्यालय खोलने तीन साल के लिए दिया जाएगा। जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने आवेदको द्वारा 61 आवेदन जमा कराया गया, जिसमें 9 आवेदनों को पात्र किया गया हैं, जिसमें 52 आवेदन अपात्र किया गया।

**आम सूचना दिनाँक 05.10.2024 का खंडन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकारगण श्रीमती पवारा बाई पति स्व. आत्माराम, श्रीमती राजिम साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू एवं श्रीमती दुलारी बाई साहू पति उत्तम कुमार साहू सभी निवासी ग्राम रिसामा, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की ओर से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशों के आधार पर आम सूचना दिनाँक 05.10.2024 का निम्नानुसार खण्डन प्रकाशित करता हूँ कि

मेरे पक्षकारगण के हक व स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम-रिसाली, प.ह.न. 22, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.), खसरा क्रमांक-563/1 एवं 826/1 कुल रकबा 0.84 हेक्टेयर जो कि श्रीमती पवारा बाई बेवा आत्माराम एवं श्रीमती राजिम साहू पति राजेन्द्र कुमार साहू एवं श्रीमती दुलारी बाई साहू पति उत्तम साहू के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, का बिक्री अनुबंध इकरारनामा दिनाँक 04.11.2020 को मेरे ऊपर वर्णित पक्षकार एवं सतीश दास वैष्णव पिता जागेश्वर दास वैष्णव निवासी-मकान नम्बर-223/5 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के मध्य किया गया था।

उक्त बिक्री अनुबंध दिनाँक 04.11.2020 को मेरे पक्षकारगण के द्वारा दिनाँक 02.12.2022 को विधिक रजिस्टर्ड नोटिस प्रेषित कर निरस्त कर दिया गया है तथा मेरे पक्षकारगणों के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में प्राप्त की गई ब्याना राशि ब्याज सहित आर.टी.जी.एस. के माध्यम से सतीश दास वैष्णव आ. स्व. जागेश्वर दास वैष्णव को वापस कर दी गई है। मेरे पक्षकारगण का उक्त भू-खण्ड के संबंध में वर्तमान में किसी भी प्रकार सौदा / संव्यवहार सतीश दास वैष्णव आ. स्व. जागेश्वर दास वैष्णव निवासी-मकान नम्बर-223/5 मैत्री कुंज रिसाली भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के साथ नहीं है।

सतीश दास वैष्णव आ. स्व. जागेश्वर दास वैष्णव के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पुनः यह भ्रामक आम सूचना मेरे पक्षकारगण के भू-खण्ड के संबंध में दिनाँक 05.10.2024 को प्रकाशित कराया गया है कि मेरे पक्षकारणों के द्वारा उक्त भू-खण्ड को किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि वास्तविक व सही स्थिति यह है कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा दिनाँक 04.11.2020 को सतीश दास वैष्णव आ. स्व. जागेश्वर दास वैष्णव के साथ निष्पादित बिक्री अनुबंध इकरारनामा को दिनाँक 02.12.2022 को त्रिविधिक सूचना प्रेषित कर व ब्याना की रकम मय ब्याज वापस कर निरस्त कर दिया गया है तथा उक्त संबंध में सतीश दास वैष्णव के द्वारा दिनाँक 05.12.2022 को प्रकाशित कराये गये आम सूचना का खण्डन मेरे पक्षकार के द्वारा दिनाँक 23.12.2022 को प्रकाशित कराया जा चुका है।

वर्तमान में सतीश दास वैष्णव पिता स्व. जागेश्वर दास वैष्णव का मेरे पक्षकारगों के साथ उक्त भू-खण्ड पर कोई संविदा बंधनकारी नहीं है और ना ही मेरे पक्षकारगण सतीश दास वैष्णव पिता स्व. जागेश्वर दास वैष्णव को उक्त भू-खण्ड बेचने के लिये बाध्य है।

तदानुसार उक्त प्रकाशन आम सूचना दिनाँक 05.10.2024 का खण्डन है।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.)
दिनाँक 12.12.2024

भवदीय
यशवंत श्रीवास्तव अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
9589325001

**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / 202412104000025/ अ-74/वर्ष 2024-25
ग्राम :- गिरहोला, प.ह.नं. 10

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ऋषि पाल सहारन आ. अमर सिंह, साकिन दीपका कोरबा, तहसील धमधा व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मौजा गिरहोला, प.ह.न. 10 रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील धमधा स्थित भूमि खसरा नंबर 1885 1886 1887 1889 1892, 1893, 1894, 1894, 1896, 1900, 1902/2, 1903/3, 1904/1 रकबा क्रमशः 1.32, 1.60, 0.59, 0.41, 0.11, 0.13, 0.11, 0.67, 0.82, 0.56 2.00 0.58 हे. कुल खसरा नंबर 12 कुल रकबा 8.90 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक ऋषि पाल आ. अमर सिंह एवं अन्य 2 के नाम पर शामिलात खाता में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसका मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने से डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी करने हेतु निर्धारित शुल्क खजाना दाखिल किये गये चालान की प्रति, पुलिस हस्तक्षेप- अयोग्य अपराध की सूचना की कॉपी, नो-ड्यूज सर्टिफिकेट आदि दस्तावेज संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 31/12/2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक :- 31/12/2024
जारी दिनांक :- 09/12/2024

मुहर
तहसीलदार
अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

# ट्रांसपोर्ट नगर मार्ग पर हेल्थ सेंटर की नई बिल्डिंग, सड़क का होगा मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने गुरुवार को छावनी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छावनी तिरंगा चौक से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया।

- **श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा शाखा के अध्यक्ष मनीष पांडेय ने ली जानकारी**

छावनी से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग की मरम्मत को लेकर विगत लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी, जिस पर श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से चर्चा की। पाण्डेय ने छावनी तिरंगा चौक से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग का अवलोकन किया। 400 मीटर लंबा यह मुख्य मार्ग विगत लंबे समय से खस्ताहाल है, जिसके मरम्मत के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में पाण्डेय ने जोन -4 आयुक्त से जल्द से जल्द रोड के संधारण की चर्चा की।



### हेल्थ सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी

साथ ही उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ से भी केंद्र में लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र निर्मित होने से यहां लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद वीणा चंद्राकर, गिरीजा बंछोर, ईश्वरी नेताम, राकेश बंछोर, निखिल ताठे, आशुतोष पाण्डेय सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान व जन जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन के गौरवपूर्ण 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका निगम रिसाली द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित किया गया और साफ-सुथरे पर्यावरण के महत्व पर चर्चा की गई। स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। आइए, मिलकर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान दें।

- **रिसाली निगम में चलाया स्वच्छता अभियान**

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा विगत एक वर्ष में हमारी सरकार ने आपके विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। हमने 'मोदी की गारंटी' के सभी प्रमुख वादे प्राथमिकता से पूरे किये हैं। इससे हर वर्ग का विकास हुआ है, प्रदेश में खुशहाली आई है। हमारी सरकार इसी निरंतरता को बनाए रखते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। आप सभी को पूर्ण विश्वास दिलाता हूँ कि हमारी विष्णु देव सुशासन की सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करेगी और प्रगति के सर्वोच्च प्रतिमान स्थापित करेगी। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, अनुपम साहू, अजीत चौधरी, आशपुरन चौधरी, डी साईं, पार्षद ममता सिन्हा, सविता धवस, गजेंद्री कोठारी, संस्कृति वर्मा, अनुपम साहू ,पुनाराम कलिहारी, राजूराम , राजेंद्र यादव, विधि , संध्या साहू, किरण साहू, धनेश्वरी नेताम, रोहित चंद्राकर, अनिल देशमुख, मुकेश यादव, नोहर वर्मा, मोहन लाल, संजय रुक्मणी साहू एवं स्वच्छता दीदी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## निराकरण तत्परतापूर्वक होः विधायक ललित

# शिविर में 117 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले के विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम मचान्दुर में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी विभाग के जिला प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में 117 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों में जाकर ग्रामीणों की समस्या संबंधी आवेदनों की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिविर में विभिन्न विभागों को 218 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 177 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया। लंबित 41 आवेदन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में शिक्षा, कृषि, आदिम जाति कल्याण, क्रेडा, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, राजस्व, सहकारिता, पशुधन विकास, वन, मत्स्य पालन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 नव वधुओं की गोदभराई और 05 नवनिहालों का अन्न प्रासन्न रश्म अदायगी की गई। विधायक श्री चन्द्राकर ने अपने करकमलों से नव वधुओं को सुपोषण, आहार का पैकेट और नवनिहालों को खीर से मुंह मीठा करायें। शासन की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन से लाभान्वित 05 हितग्राही महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



### पीएम आवास का स्वीकृत पत्र किया प्रदान

शिविर में ग्राम मचान्दुर के 05 हितग्राही क्रमशः सुशीला बाई, कांति बाई, बिरझा बाई यादव, लीला बाई और लक्ष्मी बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा शुभम कोठारी ग्राम मचान्दुर को बैटरी चलित ट्रायसिकल एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र, सुनील कुमार जोशी ग्राम जंजगिरी को हस्तचलित ट्रायसिकल एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र, नकूल राम ग्राम पाहंदा को व्हील चेयर एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम मचान्दुर के पुनउ राम को जॉल एवं आईस बाक्स और ओमप्रकाश ढीमर को फिश माउंट दिया गया।

### बच्चों को किया बाटल वितरित

इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत 50 बच्चों को पानी बॉटल वितरण किया गया। शिविर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि विधायक चन्द्राकर ने कहा कि, जिला के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी शिविर में पहुंचे हैं, आम जनता अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा कर अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सरकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने ऐसे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है।

**कुथरेल में भागवत महापुराण कथा जारीः अंडा।** ग्राम कुथरेल में चल रहे हैं, श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आज तीसरा दिवस कथा वाचक सुरेश कुमार दीन ने कर्दम, ध्रुव चरित्र आदि आख्यान परंजनोपाख्यान की कथा बताई। कथा में बताया गया कि ब्रम्हा ने सृष्टि की रचना नहीं सृष्टि को व्यवस्थित किया है ब्रम्हा जी ने सबसे पहले काम को जन्म दिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


रायपुर चलो... रायपुर चलो... रायपुर चलो... रायपुर चलो...
हमने बनाया है... हम ही संवारेंगे...
सब का साथ
सब का विकास
सब का विश्वास
सब का प्रयास
सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
भाजपा
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष
मान. जगत प्रकाश नड्डा जी
का छत्तीसगढ़ की पावन धरा में
स्वागत, वंदन, अभिनंदन
एवं
पारदर्शिता, महिला सम्मान, किसान, मजदूर, युवा हितैषी
विकास और सुशासन के लिये प्रतिबद्ध
विष्णुदेव सरकार के 1 वर्ष
सफल कार्यकाल की
शुभकामनाएं
ललित चंद्राकर
विधायक-दुर्ग ग्रामीण
उपाध्यक्ष-छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण
विशाल आमसभा
दिनांक : 13 दिसंबर 2024 (दोपहर 12.00 बजे से)
स्थान : साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर



विंटर वंडरलैंड

## लाइव इवेंट

### सनातन दसनाम गोस्वामी समाज कल मनाएगा दत्तात्रेय प्रकाट्य महोत्सव



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज की प्रांतीय बैठक महादेव घाट रायपुर के गोस्वामी समाज के सामुदायिक भवन में हुई। बैठक में उमेश भारती संरक्षक, प्रदेश अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी व विभिन्न जिलो से आयें हुए जिलाध्यक्षों व सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य एजेंडा भगवान दत्तात्रेय प्रकाट्य महोत्सव के संबंध में रखा गया था जिसमें विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा किया गया। 14 दिसंबर को दत्तात्रेय प्रकाट्य महोत्सव मनाने की तैयारी की गई है। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी प्राचीन व एतिहासिक नगरी के रुप मे विश्व विख्यात प्राप्त व छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले पावन नगरी राजिम में भगवान दत्तात्रेय प्राकाट्य महोत्सव बड़े ही धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम मे पूरे छत्तीसगढ़ से अधिक से अधिक संख्या में स्वजातिय बंधुओ को कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई। आयोजन की जिम्मेदारी जिला गोस्वामी समाज गरियाबंद को सौंपी गई है। कार्यक्रम हर किसी को सच्चे मनसे सहयोग करने की अपील प्रांताध्यक्ष द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का प्रारंभ सत्यनारायण कथा पूजन के पश्चात भव्य शोभा यात्रा के साथ निकाला जाएगा। इसके बाद भोजन होगा। मंचीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ अतिथि सम्मान के बाद भगवान दत्तात्रेय के चरित्र पर व्याख्यान होगा। इसके बाद गीत संगीत तथा विवाह योग्य युवक-युवती परिचय, सामाजिक क्विज प्रतियोगिता के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्धि प्राप्त किए गए प्रतिभावान कक्षा 10वीं 12वीं के छात्र-छात्राओं व विभिन्न विभाग के परीक्षाओं में सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी, प्रांतीय महासचिव भूपेंद्र पुरी गोस्वामी, प्रांतीय उपाध्यक्ष व दत्तात्रेय मंदिर सरव्राराकार रामकुमार गोस्वामी, प्रांतीय संगठन सचिव पोखराज बन सहित अन्य मौजूद थे।

- अहिवारा में सामाजिक प्रतिनिधियों की हुई बैठक, कई महत्वपूर्ण निर्णय

## सिटी इवेंट

### वैशाली नगर कॉलेज में सफाई बड़ी समस्या, बैठक में उठा मुद्दा




**भिलाई।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज वैशालीनगर की जनभागीदारी समिति बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष विनोद चेलक का स्वागत किया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अल्का मेश्राम ने कॉलेज की गतिविधियों से अवगत कराया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कैलाश शर्मा ने समिति की प्रथम बैठक की कार्यसूची पर चर्चा की। डॉ. मेश्राम ने महाविद्यालय की समस्याओं की ओर समिति सदस्यों का ध्यान आकर्षण किया। इसमें प्रमुख समस्याएं जैसे महाविद्यालय में सफाई, बाउंड्रीवॉल का पुनर्निर्माण, महाविद्यालय परिसर से मलबा हटाना तथा समतलीकरण, पाइपलाइन द्वारा महाविद्यालय में जल व्यवस्था दुरुस्त करना आदि शामिल थे। इसके बाद वित्त सचिव डॉ. दिनेश सोनी ने सत्र 2024- 25 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। समिति सदस्यों ने चर्चा कर सर्वसम्मति से पारित किया।

#### समस्याओं पर चर्चा के बाद निराकरण की कार्ययोजना

चेलक ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाकर इस पर कार्य किया जाएगा। समिति सदस्य त्रिलोचन सिंह ने महाविद्यालय को आय के अन्य स्त्रोत खोजने का सुझाव दिया। प्राचार्य ने विभाग के उच्च अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा करने की बात कही। बैठक में सदस्य राजीव अग्रवाल, चंद्रप्रकाश, हेमलता भाटिया, संजय साहू, नरेश यादव, उमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समिति सदस्य स्व. गुरमीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का संचालन डॉ. कैलाश शर्मा ने किया। बैठक में डॉ. भूमिराज पटेल और डॉ. चांदनी मरकाम का विशेष सहयोग रहा।

### मितानिनों का सम्मान, कहा-सरकारी सुविधाएं पहुंचाने में अहम योगदान



**भिलाई।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित हमर क्लीनिक फरीद नगर में जमीनी स्तर पर काम करने वाली मितानिनों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में शशि बागड़े (एएनएम), प्रीति (स्टाफ नर्स), प्रिंस पीयुष टंडन (एमपीडब्ल्यू) सहित अन्य उपस्थित थे। स्वास्थ्य की सेवा को सुदृढ़ एवं मजबूती प्रदान करने के लिए मितानिनों का जितना जमीनी स्तर पर कार्य एवं योगदान है वह सराहनीय एवं उल्लेखनीय है। मितानिनों मे सुहाना खान, भुवनेश्वरी वर्मा, जिरोला उइके एवं ऊषा चौहान का सम्मान किया गया। मितानिनों की लगन, मेहनत और उपलब्धियों को देखते हुए फूलों का गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इनके उज्जवल एवं सुखद जीवन की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनके महत्वपूर्ण योगदान की वजह से ही सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल पाता है।

● तीन दिवसीय वार्षिक साई महोत्सव का शुभारंभ, आज पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता

# महाभिषेक के साथ साईं महोत्सव की शुरुआत, पहले दिन ड्राइंग और मेहंदी स्पर्धा, शाम को भजन संध्या में जुटे भक्त

कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में आयोजित 48वें वार्षिक साई महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन गुरुवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्री साई बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही। मंदिर में साई भजन गुंजयमान रहे, जिसके धुन में नाच गाकर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट करते रहें। सुबह महाअभिषेख के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। दर्शन के लिए जनप्रतिनिधि भी मंदिर पहुंचे।



**दुर्ग।** दोपहर बाद ड्राइंग व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर व सीनियर वर्ग के लिए आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने धार्मिक चित्र के अलावा पर्यावरण, शिक्षा व अन्य संदेशवाहक विषयों पर अपनी कलाकृति उकेर कर अपनी हुनर दिखाई, वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा अपनी कलाकृति का प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में करीब 160 से अधिक स्कूली बच्चे व युवक युवती उत्साह के साथ शामिल हुए, जबकि मेहंदी प्रतियोगिता में 70 से अधिक युवती व महिलाएं प्रतियोगिता का हिस्सा बने। सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के दौरान आयोजन समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। यह प्रतियोगिता शिवाकांत तिवारी व प्रीति राजपूत के संयोजन में आयोजित किए गए। जिसमें सहयोगी संध्या साहू, तृप्ति राउत, गुनगुन राउत, लता तिवारी का विशेष योगदान रहा। ड्राइंग प्रतियोगिता के निर्णायक प्रसिद्ध कलाकार रोहिनी पाटणकर, मनीष ताम्रकार, डॉ. ज्योति धारकर रहीं। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता के निर्णायक समाजसेवी रश्मि अग्रवाल, अनीता तिवारी व श्वेता तिवारी थी। दोनों प्रतियोगिताओं के परिणाम 19 दिसंबर, गुरुवार को घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, सह सचिव संतोष यदू , कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य अरविंद वोरा, कौशल किशोर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## महोत्सव का 48वां वर्ष, तीन दिवसीय आयोजन

48 वां साई महोत्सव महोत्सव 14 दिसंबर तक चलेगा। दूसरे दिन 13 दिसंबर को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा दोपहर 2 बजे रंगोली व पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध भजन गायक सोनाली सेन के निर्देशन में सरगम म्यूजिकल भिलाई द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। रात्रि 8 बजे श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।शोभायात्रा उपरांत महोत्सव का समापन होगा।





# खेल के उतार-चढ़ाव कठिन परिस्थितियों का सामना करना सिखाते हैं

**भिलाई।** सेंट थॉमस महावद्यिालय रुआबांधा के खेल परिसर में 39 वें वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने अपने स्वागत उदबोधन में सभी छात्रों एवं छात्राओं को खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सेंट थॉमस कॉलेज के विद्यार्थी खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर योगदान दे रहे हैं। महावद्यिालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने छात्रों एवं छात्राओं को खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल में जब भी आप एक टीम का हस्सिा बनते हैं, तब आप जीवन में सही मायने में कठिन परस्थितियों का सामना करने में सक्षम होते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप ने सेंट थॉमस महावद्यिालय के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस महावद्यिालय के छात्र विद्यालय के हर खेल में निरंतर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं को स्वस्थ एवं निरोग रखने के लिए प्रतिदिन आपको व्यायाम के लिए समय देना चाहिए। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं अन्य स्पर्धाओं में विजेताओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

- सेंट थॉमस कॉलेज में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन, विजेता सम्मानित



#### प्रतियोगिता के दौरान रिले रेसका भी आयोजन

खेल दिवस पर विभन्नि खेलों में पुरुष एवं महिला वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर एवं रिले रेस का आयोजन किया गया। फील्ड वर्ग में गोला फेंक, डिसकस थ्रो, ऊँची कूद की प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के अंत में चारों हाउस के लिए रस्साकशी की प्रतियोगिता हुई। इस दौरान महावद्यिालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं अन्य छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन खेल अधिकारी कैलाश नारायण वर्मा ने प्रस्तुत किया।

# नर्मदेश्वर शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से हुए अनुष्ठान

**भिलाई।** शुभकामना अपार्टमेंट परिसर 1 और 2 (शक्ति भवन के पीछे) सड़क 9 आशीष नगर पश्चिम रिसाली में नव निर्मित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में देव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ अन्य अनुष्ठान संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एलयस राव थे। इस दौरान विख्यात भजन एवं कर्णाटिक गायिका ऑल इंडिया रेडियो कलाकार जी सरोजा ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। अब तक मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम के समय आरती और अन्य कार्यक्रम होंगे।



कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में कार्यशाला का एक दिवसीय आयोजन

# पशुओं के पोषण पर मंथन, देश भर के विशेषज्ञ हुए शामिल, निर्णयों का प्रतिवेदन केंद्र सरकार को भेजा जाएगा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में पशुधन एवं कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने के लिए पोषण स्ट्रेटजी पर कार्यशाला का आयोजन कियया गया। वेटनरी कॉलेज के एनिमल [illegible]शन सोसाइटी ऑफ इंडिया (सेंट्रल जोन) [illegible] छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड [illegible]नोलॉजी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में पशुधन एवं कुक्कुट में उत्पादकता बढ़ाने के लिए यह एक दिवसीय कार्यशाला हुई। एनिमल न्यूट्रिशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. एपीएस सेठी की अनुमति उपरांत किया गया। कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। सचिव डॉ. एमके गेंदलेने बताया कि कार्यशाला में लगभग 186 पंजीकृत शैक्षणिक स्टाफ, वैज्ञानिक, पशु चिकित्सक एवं उन्नतशील कृषकों की सहभागिता रही। कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में छोटे एवं सीमांत किसानों की आबादी ज्यादा है, जो आर्थिक रूप से कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर है। चारे की कमी गंभीर मुद्दा है। हरे चारे में 35%, सूखे चारे में 15% और सांद्रित चारे में 70% की कमी है। इन चुनौतियों के समाधान पर चर्चा ने लिए यह कार्यशाला रखी गई।




#### नई तकनीकों पर व्यापक चर्चा, नागपुर यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट हुए शामिल

कार्यशाला में नई तकनीकों पर व्यापक स्तर पर चर्चा की गगई। नागपुर यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट आयोजन में शामिल हुए। मुख्य रूप से महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरीज साइंस यूनिवर्सिटी नागपुर के डॉ.एनवी पाटिल शामिल हुए। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के पशुचिकित्सकों, सहायक शल्यज्ञ, वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोध स्कॉलर, स्नातकोत्तर, प्रगतिशील कृषक, एंटरप्रेन्योर फीड, मशीन एवं इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर एवं डीलर तथा पशु पोषण क्षेत्र एवं उनसे जुड़े लोगों ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी के बारे में व्यापक चर्चा के लिए यह आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में वैज्ञानिक चर्चा, पशु आहार से संबंधित उद्यमियों, किसानों एवं वैज्ञानिकों के बीच खुली चर्चा उपरांत एक्सपर्ट एवं स्टेक होल्डर के बीच कोलेबोरेशन किया गया। इससे पशुधन उत्पादन, पशुपोषण एवं पशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर राज्य के पशुधन विकास एवं उत्पादन में बढ़ोतरी कर पशुपालकों की आय में वृद्धि की जा सकेगी।

#### पशु पोषण में सुधार पर चर्चा, प्रतिवेदन केंद्र को भेजा जाएगा

आयोजन सचिव डॉ. एमके गेंदले ने बताया कि इस कार्यशाला का प्रतिवेदन राज्य व केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, जिसे पशु पोषण के क्षेत्र में उचित सुधार किया जा सके। कम लागत में पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि की जा सके। इस कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि डॉ. जेवी रमन्ना कुलपति वेंकटेश्वरा वेटनरी यूनिवर्सिटी तिरुपति, डॉ. एसाहू निदेशक एनआईएएनपी बेंगलुरु, डॉ. पंकज कौशल निदेशक आईजीएफआरआई झांसी, डॉ. दिनेश टी. भोंसले, डॉ. एबी मजूमदार उपाध्यक्ष एनिमल न्यूट्रिशन सोसाइटी ऑफ़ इंडिया, डॉ. एपी ढोक एनिमल एंड फिशरीज साइंस यूनिवर्सिटी नागपुर महाराष्ट्र, डॉ. मुकुंद एम. कदम महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरीज साइंस यूनिवर्सिटी, डॉ. जीजी बारले ने व्याख्यान दिया।

#### पशुओं के पोषण से जुड़ी पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर ऑप्टिमाइजिंग फिडिंग स्ट्रेटजी फॉर एनहांसिंग लाइवस्टोक एंड पोल्ट्री परफॉर्मेंस ई-बुक का विमोचन किया गया। प्रगतिशील पशुपालकों/किसानों व शैक्षणिक स्टाफ हेतु प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रैना दोनोरिया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक एवं सह-आयोजन सचिव डॉ. मीनू दुबे ने किया।

## सिटी इवेंट

# नशामुक्ति को लेकर अभियान लोगों को किया गया जागरूक




**भिलाई।** न्यू ब्राइट फ़्यूचर वेलफेयर डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन और युवाओं द्वारा रोहित सिंह के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसममें दुर्ग पुलिस का पूर्ण समर्थन रहा। अभियान के माध्यम से दुर्गवासियों का ध्यान भिलाई में फैल रहे नशे की तरफ ध्यानाकर्षित कराया। दुर्ग पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए निरंतर इस पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इस अभियान के दौरान नशे की वजह से होने वाले हादसों, पारिवारिक कलह, झगड़े के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस को नशे के बढ़ते कारोबार के बारे में जानकारी दी।



## स्पोर्ट्स लाइव

# क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर स्ट्राइकर्स विजेता आरपा वरियर्स उपविजेता



**भिलाई।** यूनियन बैंक ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान में आल ईडिंया बैंक अफिसरस कन्फेडरेशन क्रिकेट लीग 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता रायपुर में हुई। इसमें प्रथम स्थान पर रायपुर स्ट्राइकर्स एवं दूसरे स्थान पर बिलासपुर आरपा वरियर्स की टीम रही। सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच बीएसपी क्रिकेट मैदान सेक्टर 1 में खेला गया। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार, महासचिव रवि दुबे, बीपी दास अंचल, अनुज कुमार सहित अन्य मौजूद थे। मैच में ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, परविंदर सिंग, कुंतल बघेल, अमित कुमार, साईं राम जाखड़, राजकुमार नैयर, रेमी थॉमस सहित अन्य मौजूद थे।


# संयंत्र फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए बीएसपी की टीम घोषित



**भिलाई।** 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक बर्नपुर (पश्चिम बंगाल) में अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन बर्नपुर इस्पात संयंत्र के द्वारा किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग लेंगी भिलाई की 20 सदस्यीय टीम की घोषणा गुरुवार को की गई। टीम में शिवा तिवारी, मोहित शर्मा, आंनद मसीही, संदीप कुमार, युवान सिंह ठाकुर, जतिन कुमार साहू, सोमनाथ भुवार्य, प्रत्युश नंदी, शोएब रब्बानी, दुर्लभ सोना, अंजनये तिवारी, रितिक कोसरे, धनंजय हंसदा, मातूराम बेसरा, दुर्गा चरण ओरांव, लालजी टोप्पो, रतन कच्चप, यमन कुमार तारम तथा प्रोतिम घोष (कोच) एवं एस भास्कर राव (मैनेजर) शामिल किए गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम 14 दिसंबर को बर्नपुर के लिये रवाना होगी। टीम की घोषणा करने के बाद खेल सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के महाप्रबंधक विजय शर्मा, साहिराम जाखड़ उप महाप्रबंधक, अभिजीत भौमिक उप प्रबंधक एवं डेनिस क्रिस्टी उप प्रबंधक ने टीम को किट प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## समाज इवेंट

# अखिल भारतीय भट्ट शक्तिपुंज के महामंत्री बने संजय शर्मा



**भिलाई।** भिलाई निगम में पदस्थ संजय शर्मा को अखिल भारतीय भट्ट शक्तिपुंज ट्रस्ट परिवार छत्तीसगढ़ का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। ट्रस्ट परिवार अयोध्या की तरफ से ट्रस्ट के लक्ष्य और उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह नियुक्ति की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि वे छत्तीसगढ प्रदेश के बहुत ही सम्मानित ऊर्जावान, कर्मठ, तन, मन और धन से समर्पित सुशिक्षित धार्मिक व सामाजिक विषयों में रूचि रखने वाले सदस्य हैं। ट्रस्ट परिवार अयोध्या में आने और छत्तीसगढ प्रदेश का प्रदेश महामंत्री मनोनीत होने पर शुभकामनामनाएं दी गई हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी नियुक्ति से छत्तीसगढ़ में ट्रस्ट परिवार अयोध्या बहुत मजबूत होगा। इसे अपने लक्ष्य और उद्देश्य की पूर्ति में भी आपकी भूमिका सराहनीय होगी।

## ● जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में हर दिन रक्तदान के लिए पहुंच रहे समाजसेवी

# रक्तदान से नुकसान नहीं, कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों से बचाव, पुरुष 3 तो महिला 4 महीने में कर सकती है रक्तदान

**भिलाई।** रक्तदान करने वाला व्यक्ति स्वस्थ होता है, क्योंकि जांच करके ही इसकी अनुमति दी जाती है। रक्तदान वही कर सकता है, जिसके शरीर में खून 12.5 ग्राम से अधिक हो। यह कहना है जिला अस्पताल ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल का। वे लगातार लोगों के हेल्थ की काउंसिलिंग कर रहे हैं। रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इसके चलते ही प्रतिदिन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में समाजसेवी रक्तदान के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने रक्तदान को लेकर बताया कि ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक, कैंसर जैसी बीमारियां होने की आशंका कम हो जाती है। इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड भी मेनटेन रहता है। एक हजार आबादी में 10 लोगों को खून की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि 18 से 65 साल का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। पुरुष तीन महीने तो महिला चार महीने में एक बार रक्तदान कर सकती है। जिनके शरीर में 16 या 17 ग्राम हो जाता है, उन्हें डोनेट कर देना चाहिए और खून की जांच करा लेनी चाहिए। इससे संभावित बीमारी की जानकारी मिल जाती है। अधिक खून होना भी गंभीर बीमारी का संकेत है। एक यूनिट रक्तदान करने से चार-पांच मरीजों की जान बचाई जा सकती है।



### रक्तदान से नहीं कोई नुकसान, स्वस्थ व्यक्ति जरूर करें

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि फायदा ही होता है। रक्तदान करने से कमजोरी होनी की बात पूरी तरह बेबुनियाद है। रक्तदान करने से नए सेल बनते हैं। हर तीन महीने में रक्तदान किया जा सकता है। पुरुष तीन तो महिलाएं चार महीने में एक बार रक्तदान कर सकती हैं। रक्तदान करने में कोई नुकसान नहीं है। इसके कई फायदे हैं। रक्तदान नियमित रूप से किया जा सकता है। इसे लेकर डरने की कोई बात नहीं है। रक्तदान करने से कमजोरी नहीं होती। रक्तदान करने के लिए शरीर में रक्त 12.5 ग्राम, वजन 45 किलो और उम्र 18 से 65 साल के बीच होनी चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में दुर्ग जिला रक्तदान के मामले में अव्वल है। रायपुर से ज्यादा यहां के लोगों के द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। प्रतिदिन 7 से 10 लोग रक्तदान के लिए पहुंचते है। साल में औसतन 2000 यूनिट ब्लड कलेक्ट करने का लक्ष्य रखा गया है। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन नियमित रूप से रक्तदान शिविर लगाए जा रहे है। सेना के जवानों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

### जरुरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा ब्लड, डायलिसिस वालों को भी दे रहे

जिला अस्पताल से हर जरुरतमंद को ब्लड दिया गया। विशेष रूप से डायलिसिस, सिकलीन, थैलीसीमिया जैसी बीमारी से ग्रसित लोगों को ब्लड दिया जा रहा है। बुधवार को ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल के मार्ग दर्शन और दिशा निर्देश पर जिला चिकित्सालय दुर्ग में एडमिट गम्भीर मरीज पार्वती साहू डिलीवरी वार्ड और कन्हैया दास मेल मेडिकल वार्ड दोनों को ए नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी, तो हर्ष सोनी द्वारा ए नेगेटिव ब्लड और टिकेश्वर साहू द्वारा ए नेगेटिव ब्लड दिया गया। डिलीवरी वार्ड में एडमिट इंद्राणी के लिए दो यूनिट एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी, तो गोपाल गुप्ता द्वारा 104 बार एबी नेगेटिव और देवेश द्वारा 11वी बार एबी नेगेटिव ब्लड दिया। नवदृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक राज अड़तीया द्वारा रक्तदाता उपलब्ध कराकर जान बचाई गई। इस रक्तदान के समय रक्त कोष अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरुणा रावत, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, सीनियर लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, मधुसूदन, कुसुम चंद्राकर, अटेंडेंट कौशल, हिमांशु चंद्राकर आदि मौजूद थे।

## कल्याण कॉलेज में लगी प्रदर्शनी

# मानव मस्तिष्क से लेकर जटिल इंसानी शरीर और समुद्री दुनिया को मॉडल्स से समझाया

**भिलाई।** सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा सात दिवसीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 6 से 12 दिसम्बर तक मॉडल प्रदर्शनी में छात्र और छात्राओं ने अनेक मॉडल्स प्रस्तुत किए गए। सभी मॉडल को स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित किया गया। इन मॉडल में प्रमुख रूप से समुद्री दुनिया के कोरल रीफ, पर्यावरणीय जैव भू-रासायनिक चक्र, मानव जैव विकास, मानव मस्तिष्क, मानव गुणसूत्र, जीवन की उत्पत्ति से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्वचलित मॉडल बनाए गए। इसमें विद्यार्थियों ने खूब वाहवाही बटोरी।

इस दौरान अनेक महाविद्यालयों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, विषय के विशेषज्ञ व अन्य उपस्थित रहे। इसमें राजनांदगांव के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के डॉ.माजिद ख़ान, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई की सोनिया बजाज, शासकीय उतई महाविद्यालय दुर्ग की मधुलिका रॉय, दुर्ग स्थित विज्ञान महाविद्यालय की डॉ.दिव्या मिंज और अन्य मौजूद रहे। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा तथा अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई प्रदर्शनियों की सराहना की गई। इस दौरान कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ.शिप्रा सिन्हा, सहायक प्राध्यापक नुसरत ख़ान, अखिला सतीश, गजेंद्र यादव, वासु दुबे के द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा और कौशल को निखारा गया।



### पद्मश्री मंडावी ने किया अवलोकन



इस सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा के हाथों किया गया। प्रदर्शनी के दूसरे दिन पद्मश्री से सम्मानित अजय कुमार मंडावी द्वारा निरीक्षण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित की गई प्रदर्शनी को देखकर प्रशंसा की गई। साथ ही उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से प्राणी शास्त्र विभाग के छात्र और छात्राओं से प्रेरित होकर निरंतर ऐसे सृजनात्मक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

# दुर्ग में खुले एक नया शासकीय कॉलेज, एनएसयूआई ने उठाई मांग



**दुर्ग।** साइंस महाविद्यालय दुर्ग में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग ने छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर प्रसन्ना से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि दुर्ग शहर मे एकमात्र महाविद्यालय 50 वर्ष से अधिक समय से स्थापित है, दुर्ग शहर की जनसंख्या निरंतर बढ़ती जा रही है जिससे साइंस कॉलेज मे नए छात्र छात्राओ के प्रवेश का दबाव बढ़ते जा रहा है जिससे दुर्ग शहर में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना किया जाए जिससे कि दुर्ग शहरवासियो को लाभ मिल सके। छात्रहित के मुद्दों का ध्यानाकर्षित किया गया, जिसमें कहा गया कि नई शिक्षा नीति (NEP) लागू की जा चुकी है। इसके तहत सभी महाविद्यालय में नियमित प्राध्यापक एवम सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदो की नई भर्ती किया जाए।

**शिक्षा विभाग के सचिव आर प्रसन्ना से मिलकर छात्रों की समस्या से कराया अवगत**

सीजी सेट की परीक्षाएं हर साल आयोजित हों

कार्यकर्ताओं ने कहा कि यूजीसी, नीट की भांति सीजी सेट की परीक्षाएं हर वर्ष आयोजित की जाए। नेप 2020 नई शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालयो में उत्तीर्ण हेतु 40 प्रतिशत अंक किया गया, जिसे पुनः 33 प्रतिशत अंक किया जाए। चूंकि उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में यह 33 प्रतिशत अंक लागू है। इसलिए छत्तीसगढ़ में भी इसे लागू किया जाए।

## 167वीं पुण्यतिथि पर बीएसपी एसटीएससी एम्पलाइज एसो. का कार्यक्रम

# शहीद वीर नारायण सही मायनों में मसीहा थे, जिन्होंने अकाल के समय जमींदारों से अनाज लूटकर जनता में बांटा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की शान, 1857 के क्रांति के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की 167 वीं पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन ने उन्हें याद किया। पुष्पांजलि अर्पित की। उनके योगदानों को याद किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी ऊर्जा प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक कमल कुमार टंडन थे। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के सामाजिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि वे सही मायने में गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने सन 1856 के भीषण अकाल के समय दाने-दाने के लिए तरसती हुई जनता को जमींदारों के अन्न भंडारों को लूटकर बांटा। इसके कारण उस क्षेत्र के जमींदारों एवं अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें अपना दुश्मन मान बैठा। 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तम्भ चौक में उन्हें फांसी दी गई। इसके बाद तोप से भी उड़ा दिया।



### जल-जंगल-जमीन के लिए हर की लड़ाई लड़ी

विशिष्ट अतिथि श्याम लाल नेगी ने कहा कि हमारे पूर्वज सदियों से अपनी अस्मिता, आत्मसम्मान एवं जल जंगल जमीन की लडाई लड़ते आ रहे हैं। आज भी यह लड़ाई निरंतर जारी है। आदिवासियों की सम्मान और सुरक्षा के लिये लोगों ने अपना बलिदान दिये हैं। आजादी के 75 साल बाद भीं आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन' के साथ-साथ हमें हमारे पूर्वजों की बलिदानों से प्रेरणा लेकर अपनी लडाई संगठित एवं योजनाबद्ध तरीके से लड़नी होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि हम अपने बहुजन महापुरूषों के बलिदानों को याद करें। उनसे प्रेरणा लें, क्योंकि जो समाज अपना इतिहास नहीं जानता, वो समाज कभी इतिहास नहीं बना सकता।

### अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर प्रयास जरूरी

उन्होने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बुद्धिजीवी वर्गों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने हक अधिकार के लिए संवैधानिक तरीके से संगठित होकर, एक मंच पर आकर संघर्ष करना होगा, नहीं तो हमें तोडने वाले तो आंखें गडाये बैठे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा। एसोसिएशन के जोनल सचिव उत्तम मंडावी ने भी अपने विचार रखे। पुष्पांजलि कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा ने किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश सूर्यवंशी, कुमार भारद्वाज, शशांक प्रसाद, रमेश चंदवानी, परमेश्वर कुर्रे, अनिल कुमार खेलवार, नरेश चंद्र, ज्ञानेश्वर गायकवाड़, कालीदास बघेल सहित अन्य उपस्थित थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी में आदित्य और आर्यन का शानदार प्रदर्शन




**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-16 विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी 2024 का आयोजन 06 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा तीन दिवसीय मैच (11-13 दिसंबरः को शिमोगा में पंजाब अंडर-16 टीम के विरुद्ध चल रहा है। छत्तीसगढ़ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 103.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 225 रन बनाये। पंजाब की ओर से कप्तान उमेश गिल ने 91 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त पारस ने 51 रन बनाये। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से आर्यन सिंह ने 5 विकेट तथा वेदांत जैन ने 2 विकेट लिए। दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 76 ओवरों में 6 विकेट खोकर 218 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से आदित्य वर्मा ने 71 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त वेदांश खेडिया ने 48 रन तथा अमेया मोरे ने 41 रनों का योगदान दिया। पंजाब की ओर से साक्ष्य ने सभी 6 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक पंजाब 7 रनों से आगे हैं।

### बैंक अफसरों का फुटबॉल फाइनल होगा कल



**रायपुर।** यूनियन बैंक ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान में आल ईंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) क्रिकेट लीग 2024,, लीग स्टेज पूल ए के मैच एक दिसम्बर को रियाज क्रिकेट अकादमी, रायपुर में खेले गए जिसमे प्रथम दो स्थानों पर क्रमशः ब्लैक पैंथर्स और भिलाई बुल्स रहे। पूल बी के मैच रियाज क्रिकेट अकादमी, रायपुर में खेले गए। जिसमे प्रथम दो स्थानों पर क्रमशः रायपुर स्ट्राइकर्स एवं बिलासपुर आरपा वरियर्स रहे। सेमी-फाइनल एवं फाइनल मैच भिलाई इस्पात संयंत्र, क्रिकेट मैदान सेक्टर 1 भिलाई में 14 दिसम्बर को आयोजित किए जाएंगे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार एवम महासचिव रवि दुबे ने बताया कि मैच देखने के लिए बी.पी. दास अंचल प्रमुख भोपाल, महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं अनुज कुमार क्षेत्र प्रमुख एवम उपमहाप्रबंधक,, रायपुर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया उपस्थित रहेंगे। मैच के मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार बंछोर सेफी प्रमुख एवम बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष, विशेष अतिथि परविंदर सिंह महासचिव ऑफिसर एसोसिएशन बीएसपी होंगे और कुंतल बघेल महाप्रबंधक ई.आर.एस. बीएसपी भिलाई कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यूनियन बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार ने सही राम जाखड़ डीजीएम, राजकुमार नैयर एजीएम, रेमी थॉमस वरिष्ठ प्रबंधक, अभिजीत भौमिक, भागवत साहू और बीएसपी के अधिकारियों का विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है और मैच देखने आमंत्रित किया है।

### सीनियर वर्ग अंतर जिला कैरम प्रतियोगिता आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कैरम एसोसियेशन के द्वारा स्थानीय गॉस मेमोरियल सेंटर हॉल,जयस्तंभ चौक में दो दिवसीय अंतर जिला महिला एवं पुरुष कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 13 दिसंबर एवं 14 दिसम्बर को किया जा रहा है,जिसमें प्रदेश के समस्त महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा आयोजित की जाएगी। स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर रैंकिंग बनाने वाले महिला एवं पुरुष खिलाड़ी आगामी वर्ष 5 जनवरी 2025 से 8 जनवरी 2025 तक 29 वीं ऑल इंडिया फेडरेशन कप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश कैरम टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में सभी जिलों से लगभग 350 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी जुटेंगे।

### सीएससीएस वनडे ट्रॉफी हेतु के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मेंस अंडर-23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी -2024 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर अंतिम सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 15 दिसंबर को बीसीसीआई द्वारा आयोजित मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे। पहला मुकाबला राजस्थान के साथ 15 दिसंबर को खेला जाएगा। टीम में अरिन द्विवेदी राजनांदगांव, आशीष कुमार डहरिया रायपुर,आयुष पांडे (पहले 3 मैच) रायपुर, दीपक यादव राजनंदगांव, देव आदित्य सिंह भिलाई स्टील प्लांट, गौरव चतुर्वेदी रायपुर, हर्ष साहू (विकेट कीपर) (कप्तान) राजनांदगांव, मयंक यादव बिलासपुर, प्रभाष शुक्ला रायपुर, प्रथम जाचक बीएसपी, राहुल प्रधान (विकेट कीपर) सरगुजा,शोभित शर्मा महासमुंद, वरुण सिंह भुई रायपुर,वासुदेव बरेठ बिलासपुर शामिल हैं।

#### बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक किसी भी उम्र में हो सकती है एसिडिटी

# सिर्फ गड़बड़ खान-पान ही नहीं, इन वजहों से भी हो सकती है एसिडिटी की दिक्कत; बरतें सावधानी

पेट में किसी कारण से एसिड का उत्पादन अधिक होने का कारण एसिडिटी होती है जो एक बहुत आम सी समस्या है। मुख्यरूप से एसिडिटी को खान-पान की गड़बड़ी की वजह से होने वाली दिक्कत माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि इसके लिए कई और चीजें भी जिम्मेदार हो सकती है?

एसिडिटी एक बहुत आम सी समस्या है, जिसका आप भी कभी न कभी जरूर शिकार रहे होंगे। पेट में किसी कारण से एसिड का उत्पादन अधिक होने का कारण ये दिक्कत होती है। एसिडिटी के कारण आपको अपच, पाचन की दिक्कत, गैस बनने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मुख्यरूप से एसिडिटी को खान-पान की गड़बड़ी की वजह से होने वाली दिक्कत माना जाता है पर क्या आप जानते हैं कि इसके लिए कई और चीजें भी जिम्मेदार हो सकती है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एसिडिटी ऐसी समस्या है जो पेट में एसिड के अधिक उत्पादन के कारण होती है। इस स्थिति में कभी-कभी एसिड भोजन नली में भी वापस आने लगता है जिसके कारण छाती के निचले हिस्से में दर्द या जलन हो सकती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक किसी भी उम्र के व्यक्ति को एसिडिटी हो सकती है। डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ कहते हैं कि अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदतें और खराब आहार एसिडिटी के मुख्य कारण हैं। पर इसके अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जो एसिडिटी का कारण बनती हैं।



### एसिडिटी में क्या लक्षण होते हैं?

एसिडिटी के कारणों को जानने से पहले इसकी पहचान कैसे की जाए इस बारे में समझना जरूरी है। एसीडिटी तब होती है जब पेट में उपस्थित एसिड (गैसट्रिक जूस) अधिक मात्रा में बनने लगता है। पेट का यह एसिड भोजन को पचाने में मदद करता है, लेकिन जब एसिड अधिक मात्रा में बनने लगे या गलत तरीके से पेट की दीवारों में फैलने लगे तो इसके कारण पेट में जलन, दर्द और अन्य समस्याएं पैदा होती हैं।

एसीडिटी के लक्षण विभिन्न प्रकार के और हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। खाने के तुरंत बाद या खाली पेट जलन महसूस होना। डकार आना विशेषतौर पर खट्टी डकारें। अक्सर मुंह का स्वाद खट्टा बना रहना। पेट में भारीपन, दर्द और सूजन की दिक्कत बने रहना। एसिड गले तक आने से जलन और सूखी खांसी। मतली और उल्टी की समस्या या बार-बार जी मिचलाना।

### खान-पान में गड़बड़ी के कारण होती है ये दिक्कत

एसीडिटी के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं, जिसमें भोजन से जुड़ी आदतें सबसे प्रमुख हैं। अत्यधिक मसालेदार और तला-भुना भोजन करना, चाय-कॉफी या कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का अधिक सेवन करना एसिडिटी की मुख्य वजह है। खाना खाने के बाद तुरंत लेटने, समय पर भोजन न करने या ज्यादा देर तक भूखा रहने, अत्यधिक फैटी फूड और जंक फूड खाने के कारण भी आपको एसिडिटी हो सकती है।

### इन कारणों पर भी दीजिए ध्यान

खान-पान में गड़बड़ी के अलावा जीवनशैली से संबंधित कई कारकों के चलते भी आपको एसिडिटी हो सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग धूम्रपान और शराब का सेवन अधिक करते हैं उनमें इसका जोखिम अधिक देखा जाता है। इसके अलावा अगर आप अत्यधिक तनाव और चिंता में रहते हैं, नींद पूरी नहीं करते या फिर लंबे समय तक खाली पेट रहते हैं तो इन वजहों से भी आप एसिडिटी का शिकार हो सकते हैं।

मोटापा के शिकार लोगों या फिर जिन लोगों की शारीरिक गतिविधि कम होती है उनमें एसिडिटी के अलावा पाचन और शरीर में कई अन्य बीमारियों के विकसित होने का भी खतरा बढ़ जाता है।





## स्वस्थ रहने रोजाना कर सकते हैं ये योगासन

व्यक्ति खुद को स्वस्थ रखने के लिए क्या कुछ नहीं करता। पौष्टिक आहार का सेवन करता है, एक अच्छी दिनचर्या को अपनाता है, सुबह जल्दी उठता है और रात को समय पर सोता है, वॉक पर जाता है आदि। पर क्या सभी ऐसा कर पाते हैं? इसका जवाब है नहीं, क्योंकि ज्यादातर लोग आलस करके न तो सुबह जल्दी उठते हैं और इस दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण खाना भी समय पर नहीं खा पाते हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि खुद को स्वस्थ कैसे रखें? अगर आप चाहें, तो कुछ योगासन करके इस तरफ एक कदम बढ़ा सकते हैं। बशर्ते आपको ये योगासन रोजाना करने होते हैं। तो चलिए जानते हैं ये कौन से योग हैं जिन्हें करने से आप स्वस्थ रह सकते हैं। आगे आप इनके बारे में विस्तार से जान सकते हैं...

### ये हैं वो योगासनः-

**गोरक्षासनः** पहले आपको दोनों पैरों की एड़ी और पंजे को आपस में मिलाकर सामने रखना है और फिर सीवनी नाड़ी को एड़ियों पर रखते हुए उस पर बैठना है। ध्यान रहे इस दौरान दोनों घुटने जमीन पर लगे हुए हो। फिर हाथों को ज्ञान मुद्रा की स्थिति में घुटनों पर रखना है, जिससे मांसपेशियों में रक्त संचार ठीक रूप से होकर वो स्वस्थ होती हैं। यही नहीं, इससे इंद्रियों की चंचलता समाप्त करके मन में शांति प्रदान करने में भी लाभ मिलता है।

**गोमुखासनः** इसमें आपको दोनों पैर फैलाकर बैठनी है और बाएं पैर को मोडकर एडी को दाएं नितम्ब के पास रखना है। फिर दाएं पैर को मोडना है और बाएं पैर के ऊपर रखना है, जिससे दोनों घुटने एक-दूसरे के ऊपर आ जाए। अब दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और पीठ की तरफ मोडें और साथ में हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दाएं हाथ को पकड़ना है। ध्यान रहे इस दौरान गर्दन और कमर सीधे रहे। एक मिनट तक ऐसा करें और फिर दूसरी तरफ से ऐसा ही



करें। इस आसन को करने से यकृत, गुर्दे और वक्ष स्थल को बल मिलता है।

**योग मुद्रासनः** इस आसन को करने के लिए आपको पैर फैलाने हैं और बाएं पैर को उठाकर दाईं जांघ पर इस प्रकार लगाना है कि बाएं पैर की एड़ी नाभि के नीचे आ जाए। फिर दाएं पैर को उठाएं और बाएं पैर की एड़ी के साथ नाभि के नीचे मिलाना है। इसके बाद दोनों हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ की कलाई को दाहिने हाथ से पकड़ें और फिर स्वास छोड़ें। फिर सामने की तरफ झुकें और नाक को जमीन से लगाने का प्रयास करें। ये क्रिया आप हाथ बदलकर भी कर सकते हैं, जिसे करने से स्वभावन विनम्र और चेहरा सुंदर होने में मदद मिलती है।

**स्वस्तिकासनः** पहले जमीन पर मैट बिछाएं और पैर फैलाएं। फिर बाएं पैर को घुटने से मोड़ें और दाहिने जंघा और पिंडली के बीच इस प्रकार से स्थापित करना है कि बाएं पैर का निचला हिस्सा छुप जाए। इसके बाद दाहिने पैर के पंजे के तले को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के बीच में स्थापित करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। वहीं, ध्यान मुद्रा में बैठें और रीढ़ सीधी करके श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें। ऐसे ही पैर बदलकर भी करें।



## संघर्षपूर्ण मैच में सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर की तीन रन से जीत

**दूसरे मैच में देहली खालसा वॉरियर्स ने जीकेएस रायपुर को 63 रन से पराजित किया**




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में चल रही 16 वीं सिख प्रीमियर लीग मे अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही जीजीएसएससी लुधियाना की टीम गुरुवार को एक संघर्षपूर्ण मैच में सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर से 3 रन से हार गई। सिमरन रॉयल किंग्स के मानवीर सैनी मैन ऑफ द मैच चुने गए। वहीं दूसरे मैच में देहली खालसा वॉरियर्स ने जीकेएस रायपुर को 63 रन से पराजित किया।

पहले बैटिंग करते हुए सिमरन रॉयल किंग्स ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 136 रन का स्कोर किया। जिसमें भावेजा जगदीप की शानदार 54 रन (55 गेंद) की अर्धशतकीय पारी रही। मानवीर सैनी व कैफी ने 18-18 रनों का योगदान दिया। इस पारी की खास बात ये भी रही कि 23 रन अतिरिक्त से बने हैं।

यही अतिरिक्त रन लुधियाना की टीम को भारी पड़ गए। लुधियाना की ओर से विक्रम अलख व परमिंदर ने 2-2 विकेट लिए। जीजीएसएससी लुधियाना की शुरुआत आज खराब रही,जब शुरु के तीन बल्लेबाज केवल आठ रनों का योगदान देकर पवेलियन लौट गए।

तब एक छोर पर परमिंदर ने टिककर बल्लेबाजी की और शानदार 67 रन (36 गेंद) बनाए जिसमें 7 चौके व 5 छक्के शामिल थे। इसके बाद दूसरे टाप स्कोरर रहे गुरप्रीत सिंह जिन्होने 24 रन की नॉट आउट पारी खेली। नागपुर की ओर से आगम सिंह व मानवीर ने 2-2 विकेट लिए। सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर के मानवीर सैनी को 18 रन बनाने व 2 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच के अतिथि पार्षद सतनाम पनाग व सोनू सलूजा थे।

दूसरे मैच में देहली खालसा वॉरियर्स ने जीकेएस रायपुर को 63 रन से पराजित किया। देहली खालसा वॉरियर्स के दलजीत सिंह को 40 रन बनाने व 2 विकेट लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहले खेलते हुए देहली खालसा वॉरियर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 180 रन बनाये। ओपनर गोल्डी 0 पर आउट हो गए लेकिन टाइगर ने 23 रन की रक्षात्मक पारी खेली। मध्यक्रम के बल्लेबाज दलजीत सिंह ने 40 रन (24 गेंद) की अच्छी पारी खेलते हुए 5 चौके व 1 छक्के जड़े। अंतिम छोर के बल्लेबाज इंद्रप्रीत ने भी 24 रन का स्कोर किया। जीकेएस की ओर से अर्जुन सिंह व भूपिंदर सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जीकेएस रायपुर की टीम 16.1 ओवर में 117 रन बनाकर सिमट गई। इसमें पवन सिंह ने 29 रन, हरजीत सिंह ने 39 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। देहली खालसा वॉरियर्स के गेंदबाजों में इंद्रप्रीत सिंह, मनिंदर, दलजीत व प्रभजोत को 2-2 विकेट लिए। इस मैच के अतिथि सरदार दिलेस सिंह रंधावा, गगनदीप सिंह, मोनू ढिल्लन, गुरमीत सिंग और जितेंदर पाल सिंह लाडी थे।

## सर्दियों में झटपट बनाएं यह खास सूप, सेहत के लिए है फायदेमंद



सर्दियों में सूप पीने के कई फायदे होते हैं। ठंड के मौसम में लोग गर्माहट के लिए सूप पीते हैं। सर्दियों में लोग अलग-अलग सब्जियों का सूप बनाते हैं। पीने में यह स्वादिष्ट तो होते ही हैं। इसके साथ ही इनमें मौजूद कई पोषक तत्व हमारी सेहत के लिए बेहद फायेदमंद होते हैं। इसलिए हम सभी को घर पर सूप बनाकर पीना चाहिए। वैसे सूप कई तरह से बनाए जाते हैं, जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से बना सकते हैं। आपको एक बार वियतनामी सूप को जरूर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। इसकी रेसिपी हम आपको बताएंगे। वियतनामी सूप न काफी स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि बनाना भी आसान होता है।

सूप बनाने के लिए दो कप पानी लें और गैस पर गर्म करने के लिए रख दें। पानी को हल्का गर्म होने के बाद इसमें नूडल्स और नमक डालकर उबाल लें। इसके बाद पैन में तेल डालकर गैस पर रख दें। तेल के गर्म होने के बाद इसमें कटा प्याज, अदरक और लहसुन डालकर पकाएं। जब खुशबू आने लगे तो बाकी सामग्री भी मिला दें।


बीन्स, गाजर, गोभी या हरा धनिया आदि पकने लगे, तो ऊपर से नमक डालें और पकने दें। फिर इन्हें अच्छी तरह मिलाकर एक-दो मिनट तक पकाएं। इसके बाद इसमें गरम मसाला, चिली सॉस, सोया सॉस, काली मिर्च भी डालें और हल्की आंच पर पकने दें। इसके बाद इसमें पानी डालकर करीब 10 मिनट तक पकाएं।

**कार्नर न्यूज**

#### आज भागदौड़ की जिंदगी में बच्चे और माता-पिता के बीच दूरियां बढ़ना ठीक नहीं

# ऑफिस और घर के कामों के बीच बढ़ गई व्यस्तता तो बच्चों के लिए ऐसे निकालें वक्त

भागदौड़ भरी जिंदगी और वर्कलोड की वजह से अधिकतर पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ ठीक से समय नहीं बिता पाते हैं। इससे बच्चे और माता-पिता के बीच में दूरियां बढ़ने लगती है। अगर आपके घर का माहौल भी कुछ ऐसा ही है, तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि आप कैसे काम के बीच बच्चे के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। बच्चे की परवरिश और उन्हें खुश व हेल्दी रखने में माता-पिता का अहम योगदान होता है, लेकिन कामकाज में व्यस्त पेरेंट्स कई बार अपने बच्चों की अच्छी देखभाल नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा, उनके साथ पर्याप्त समय भी नहीं बिता पाते हैं। ऐसे में, बच्चों के अंदर परेशानी बढ़ जाती है। वर्किंग वीमेन के लिए घर और ऑफिस के कामों के बीच बच्चों के लिए समय निकाल पाना मुश्किल होता है। ऐसे में, बच्चों पर बुरा असर पड़ सकता है। वे मायुश रहने लगते हैं और सभी से दूर-दूर भी रहने लगते हैं।



### घर के कामों के साथ बच्चे को कहानियां सुनाएं

अगर आपके पास ऑफिस और घर के कामों के बीच समय नहीं बच पाता है, तो आप घर के कामों के बीच भी कम समय में बच्चों के साथ हर पल को इंजॉय कर सकती हैं। उन्हें घर के काम के साथ-साथ कुछ कहानियां और किस्से सुनाएं, जो आपके बच्चे को सुनने में भी मजा आएगा और उन्हें यह भी लगेगा कि आपके पास उनके लिए समय है। उसके साथ ये कीमती पल एंजॉय कर सकते हैं।

### ऑफिस के काम के समय साथ बिठाएं

आप अपने बच्चों के साथ बैठकर भी अपने ऑफिस के काम कर सकती हैं। उन्हें अपने साथ बिठाकर उनसे ड्राइंग और क्राफ्ट बनवा सकते हैं। इससे आप उनके साथ बैठी भी रहेंगी और बच्चे को मजा भी आएगा। साथ ही, ड्राइंग और क्राफ्ट से से आपके बच्चे को काफी कुछ सीखने को भी मिलेगा। ऐसा करके आप कम समय में अपने बच्चों के साथ कुछ पल एंजॉय कर सकते हैं।

### खाना बनाते समय बच्चों को भी रखें साथ

ऑफिस से घर आने के बाद महिलाओं की किचन ड्यूटी लग जाती है। अगर आप किचन में खाना बना रही हैं, तो ऐसे में अपने बच्चे को भी अपने साथ किचन में बिठा सकती हैं। ऐसे में, आप उसके साथ काफी समय बिता सकती हैं। इस दौरान आप बच्चे से उनके दिन भर की रुटीन के बारे में पूछ सकती हैं। इससे आपका बच्चा खुश हो जाएगा। अगर आप घर के लिए कुछ जरूरी सामान खरीदने बाहर जा रही हैं, तो अपने बच्चे को भी साथ लेकर जा सकती हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्पाइडर-मैन 4' की शूटिंग शुरू होगी गर्मियों में, रिलीज 26 में



टॉम हॉलैंड की अगली स्पाइडर-मैन फिल्म का नाम भले ही अभी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आया हो, लेकिन इस फिल्म को लेकर कई अहम जानकारियां अब सामने आ गई हैं। इस फिल्म की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होगी और फिल्म जुलाई 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की निर्माता एमी पास्कल ने हाल ही में इस फिल्म की कहानी के बारे में कुछ अहम जानकारी दी। एमी पास्कल के मुताबिक इस फिल्म में पीटर पार्कर का किरदार पूरी तरह से स्पाइडर-मैन बनने का निर्णय लेगा और अपनी व्यक्तिगत जिदगी को छोड़ देगा। यह कहानी 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' के भावुक अंत से अलग होगी, जहां पीटर ने मल्टीवर्स संकट को खत्म करने के लिए अपनी पहचान सबकी यादों से मिटा देता है, जिसमें उसके करीबी दोस्त एमजे और नेड भी शामिल थे। एमी पास्कल ने कहा कि आगामी फिल्म में दर्शकों को यह देखने को मिलेगा कि कैसे पीटर पार्कर अपनी सुपरहीरो की जिम्मेदारी निभाते हुए व्यक्तिगत जीवन से पूरी तरह से बाहर हो जाता है। यह कहानी 'स्पाइडर-मैन 24/7' नाम कॉमिक्स से प्रेरित होगी, जिसमें स्पाइडर-मैन अपने असली पहचान को सार्वजनिक रूप से भूलने के बाद हर समय एक सुपरहीरो बनने के लिए संघर्ष करता है। कॉमिक्स में स्पइडर-मैन को इस फैसले के बाद कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, स्पाइडर-मैन को नए मेयर जे जोना जेम्सन से भी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। बता दें कि इससे पहले टॉम हॉलैंड 'डॉ स्ट्रेंज मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में नजर आए थे। इस फिल्म को भारत में भी काफी पसंद किया गया था।

### टॉलीवुड

## बालकृष्ण-बोयापति की 'अखंड 2ः थांडवम' फिल्म की शूटिंग शुरू



दक्षिण भारतीय निर्देशक बोयापति श्रीनु और अभिनेता बालकृष्ण की 'अखंड 2' एक पैन इंडिया फिल्म है। हाल ही में इस एक्शन फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। अगले साल एक खास दिन पर फिल्म को रिलीज किया जाएगा। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की सफलता के बाद से अधिकतर दक्षिण भारतीय फिल्में अब देश भर में रिलीज होने को तैयार हैं। अगले साल तेलुगू सुपरस्टार बालकृष्ण की एक्शन फिल्म 'अखंड 2ः थांडवम' भी देश भर में रिलीज होगी। अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने इसकी शूटिंग एक जबरदस्त एक्शन सीन के साथ शुरू कर दी है।

एक्शन फिल्म 'अखंड 2' में पहली फिल्म के मुकाबले ज्यादा धमाकेदार एक्शन दर्शकों को देखने को मिलेगा। सुपरस्टार बालकृष्ण इसमें अपने एक्शन को एक स्तर और ऊपर लेकर जाएंगे। इसके लिए निर्देशक बोयापति श्रीनु हर संभव कोशिश करेंगे। फिल्म में एक्शन की जिम्मेदारी स्टंट मास्टर राम-लक्ष्मण संभाल रहे हैं। एक कमाल के फाइट सीक्वेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। फिल्म 'अखंड 2' की शूटिंग हैदराबाद के आरएफसी में हो रही है। फिल्म 'अखंड 2' को 14 रील्स प्लस बैनर तले राम अचंता और गोपीचंद अचंता निर्मित कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को एम तेजस्विनी नंदमुरी भी प्रस्तुत कर रही हैं। इस फिल्म के साथ टैलेंटेड टेक्निशियन की टीम भी शामिल है, जिसमें म्यूजिक एस थमन, कोरियोग्राफी सी रामप्रसाद, आर्ट डायरेक्टर एएस प्रकाश जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को 25 सितंबर 2025 को दशहरा के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। दशहरे के दिन छुट्टी होगी तो फिल्म को इस बात का फायदा जरूर होगा।

### भोजपुरी

## 'राजा हमार महाराजा हवे' रिलीज होते ही वायरल, छा गए खेसारी



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के अभिनय के साथ-साथ उनकी गायिकी के भी प्रशंसक दीवाने हैं। खेसारी भी फैंस को एक के बाद एक नए गाने का उपहार देने में पीछे नहीं रहते। भोजपुरी सुपरस्टार का एक और नया गाना रिलीज हो चुका है। अभिनेता खेसारी लाल यादव के चर्चित गाने 'यादव जी के झंडा' का दूसरा पार्ट 'यादव जी के झंडा 2' हाल ही में रिलीज हुआ। यह गाना भी खूब पसंद किया जा रहा है और इस बीच आज सोमवार को अभिनेता का एक और नया गाना आ गया है। खेसारी का गाना 'राजा हमार महाराजा हवें' आज सोमवार को रिलीज हुआ है और रिलीज के चंद घंटों में ही इसे ताबड़तोड़ व्यूज मिल रहे हैं।


इस गाने को खेसारी लाल यादव और कल्पना पटवारी ने अपने सुरों से बांधा है। गाना खेसारी और रानी पर फिल्माया गया है। कल्पना पटवारी ने लंबे समय बाद कोई गाना गाया है, यह भी एक वजह है कि दर्शकों का क्रेज इस गाने के प्रति जबर्दस्त है। आज सुबह रिलीज हुए गाने को चंद घंटों के अंदर करीब तीन लाख व्यूज मिल चुके हैं। 'राजा हमार महाराजा हवे' को आर्या एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में खेसारी अपने चिर-परिचित अंदाज में नजर आ रहे हैं। रानी के साथ उनका धमाकेदार डांस फैंस को पसंद आ रहा है।

### विंटर वंडरलैंड




द आर्क ऑफ़ सैन डिएगो के द यूएस ग्रांट में विंटर वंडरलैंड फैशन शो में दर्शकों को शानदार कलेक्शन देखने का मौका मिला। इस आयोजन में लियोनार्ड सिम्पसन द्वारा निर्मित फैशन शो, साइलेंट नीलामी और वेंडर बुटीक को शामिल किया गया था, जिसमें सीज़न के बेहतरीन ट्रेंड दिखाए गए। खास बात यह रही कि इस शो से होने वाली सभी आय विकलांग बच्चों और जरूरतमंदों के लिए खर्च की जाएगी।

## चाहिए दमकती त्वचा तो सोने से पहले जरूर कर लें कुछ काम



ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए हर महिला को सोने के पहले कुछ काम जरूर करने चाहिए। इन कामों को करके आपकी त्वचा आसानी से निखर उठेगी। अगर आप ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं, तो सोने से पहले अपना मेकअप जरूर हटा लें। इससे आपकी त्वचा को सांस लेने में आसानी होती है। मेकअप हटाकर सोने से मुंहासे जैसी समस्या से भी राहत मिलती है। ऐसे में हमेशा बाहर से आकर तुरंत मेकअप हटाएं, उसके बाद ही सोने जाएं।

सोने के पहले एक बार चेहरे को सही से साफ जरूर करें। इससे चेहरे की गंदगी साफ होती है और चेहरे की चमक बरकरार रहती है। आप किसी भी अच्छे क्लींजर से चेहरे को धो सकती हैं।

चेहरा साफ करने के बाद कभी भी सूखी त्वचा के साथ ना सोएं। सोने से पहले हमेशा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से रात में आपकी त्वचा में नमी की कमी नहीं होगी।

अगर आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो अंडर आई क्रीम का सोने से पहले इस्तेमाल जरूर करें। रात को इसके इस्तेमाल से आपको असर जल्दी दिखाई देगा। अगर आपके पास समय है तो कोशिश करें कि रात में सोने के पहले हफ्ते में कम से कम दो बार फेस मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। इससे त्वचा ग्लो करने लगेगी।

## पार्टी में होना है शामिल तो पहनें इस तरह की ड्रेस, पलट-पलटकर देखेगा हर कोई






मौका नए साल के स्वागत का हो या फिर किसी खास पार्टी का, लोग तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। बहुत से लोग अपने घरों में मेहमानों को बुलाते हैं और बहुत से लोग कहीं बाहर जाकर पार्टी करते हैं। लोग इन पार्टियों में काफी अच्छे से और सज-संवर कर पहुंचते हैं। लड़कों को तो पार्टी के लिए तैयार होने के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन अगर बात करें लड़कियों की तो उनके पास इतने ज्यादा विकल्प होते हैं कि उन्हें सोचना ही पड़ता है कि आखिर वह क्या पहनें। अगर आप साल के अंत में कोई पार्टी अटेंड करने वाली है और आप भी इसी सोच में है कि आखिर पार्टी में क्या पहना जाए तो कुछ टिप्स आपके लिए है।

### स्कर्ट और टॉप

अगर आप कुछ हल्का पहनने का सोच रहीं हैं तो इस तरह की डेनिम स्कर्ट और टॉप आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस ड्रेस के साथ आप पॉइंटेड हील्स कैरी कर सकती हैं।

### बालों को खुला ही रखें

अगर आप दिन की पार्टी अटैंड करने जा रही हैं तो ऐसी ड्रेस एक बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। इस तरह की ड्रेस आपको काफी कूल लुक दे सकती है। इसके साथ अपने बालों को खुला ही रखें।

### हील्स भी बेहतर विकल्प

अगर जींस पहनने का सोच रहीं हैं तो उसके साथ इसी तरह का कोर्सेट कैरी करें। ये आपको क्लासी वाइब देने का काम करती है। इसके साथ चाहें तो शूज पहन सकती हैं, वरना हील्स भी बेहतर विकल्प है।

### शॉर्ट ड्रेस परफेक्ट

अगर आप मॉडल्स के लुक पर ध्यान दें, तो उनका ये लुक आपके लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। इस तरह की शॉर्ट ड्रेस पार्टी के लिए परफेक्ट है। इसका कलर आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं।


### डीपनेक ड्रेस

डीपनेक ड्रेस आपको ग्लैमरस लुक देने का काम करेगी। आप ऐसी ड्रेस के साथ मेसी बन बना सकती हैं। इसी से आपका लुक पूरा होगा।

### बोहो लुक

आप न्यू ईयर की पार्टी के लिए बोहो लुक भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह का लुक देखने में कमाल का लगता है।

## गंजेपन की शुरुआत है तो अपनाइए ऐसी हेयर स्टाइल



एक रिसर्च के मुताबिक, भारत में 18-35 साल की उम्र वाले 47.6% पुरुष गंजेपन और हेयर लॉस के शिकार हैं। जबकि 36-50 साल की उम्र वाले 52.4% पुरुष गंजेपन से परेशान हैं।

न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया के युवा, गंजेपन या सिर के बाल तेजी से झड़ने और मेल पैटर्न बाल्डनेस की समस्या की चपेट में है। गंजेपन से न सिर्फ 50 साल से अधिक उम्र के लोग बल्कि 25-30 साल की उम्र के युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में इस समस्या का समाधान क्या है?

इसी समस्या का समाधान जानिए सीनियर हेयर स्टाइलिस्ट आमिर से। आमिर ने न सिर्फ गंजेपन को कवर करने वाली 4 हेयर स्टाइल्स बल्कि बालों में वॉल्यूम एड करने वाले 3 हैक्स भी हमसे शेयर किए हैं।

### गंजेपन को छिपाने के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपकी हेयर लाइन माथे से बहुत ऊपर की तरफ खिसक चुकी है तो, आप क्या कर सकते हैं? इस समस्या का समाधान आप कुछ हेयर स्टाइल को मेंटेन करके निकाल सकते हैं।

### द शॉर्ट कट

अगर आपके हेयर लाइन हाल ही में पीछे खिसकना शुरू हुई तो, ये हेयर स्टाइल आपके लिए ही है। ये हेयर स्टाइल आपके बालों की साइड्स को लेंथ देती है, जबकि हेड टॉप पर वॉल्यूम देती है।

साइड में मिलने वाली लेंथ ही इस हेयर स्टाइल को वर्सेटाइल बना देती है। इन बालों को आप जिस तरफ चाहें मोड़ सकते हैं। यहां तक कि आप इन बालों को बिखरा हुआ रखकर भी स्टाइलिश दिख सकते हैं।

## सर्दियों में लिपस्टिक खरीदते और लगाते समय जरूरी टिप्स आएंगी आपके काम



लिपस्टिक तो आप और हम सभी लगाना पसंद करते हैं। आजकल मार्केट में कई तरह की लिपस्टिक की वैरायटी आपको देखने को मिल जाएगी, जिसमें लिक्विड से लेकर क्रीमी टेक्सचर वाली लिपस्टिक के शेड्स शामिल है। साथ ही इसमें आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी बहुत आसानी से मिल जाएंगे। वहीं सर्दियों के मौसम में कई तरह की स्किन प्रॉब्लम सामने आती हैं, जिसमें से ड्राईनेस काफी कॉमन है। बता दें कि मौसम के बदलने से स्किन में कई तरह के बदलाव होते हैं, जिसके कारण चेहरे की त्वचा से लेकर होंठ तक ड्राई होने लगते हैं।

### लिक्विड लिपस्टिक को करें अवॉयड

बता दें कि सर्दियों के मौसम में आपके लिप्स पहले से ही ड्राई होते हैं, तो आपको लिक्विड लिपस्टिक को अवॉयड करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि लिक्विड लिपस्टिक के इस्तेमाल से आपके लिप्स और भी ज्यादा ड्राई होने लगते हैं। वहीं अगर आप लिक्विड लिपस्टिक इस्तेमाल कर रही हैं तो लिपस्टिक लगाने से पहले लिप्स को हाइड्रेट कर लें और इसके लिए आप लिप ऑयल या लिप बाम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### लिप ग्लॉस का करें इस्तेमाल

अगर आप लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो आप मैट लिपस्टिक के ऊपर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा करने से आपके होंठ रूखे-सूखे नजर नहीं आएंगे।

### कार्नर न्यूज

### फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं, अपनाएं जरूरी टिप्स

## फैशन के दौर में परफेक्ट दिखना है तो अपनाएं क्रॉप्ड पैंट, लोग करेंगे तारीफ

फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है। इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं। इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।



इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी?

इसका जवाब है ये पेंट जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?

इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के लिए इसमें जगह होनी चाहिए।

अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें।

इसके साथ आप स्लिप ऑन स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शू का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।